# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION-2025
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा -2025

(ANNUAL/वार्षिक)

**Subject : FINE ARTS (Theory) (OPT.)**
विषय :– ललित कला (सैद्धांतिक)(ऐच्छिक)

| | |
|---|---|
| कुल प्रश्न : 70+20+6 = 96<br>**Total Questions : 70+20+6 =** | विषय कोडः<br>**Subject code:** **117** |
| (समय : 2 घंटे 45 मिनट)<br>**[Time : 2 Hours 45 Minutes]** | (पूर्णांक :70)<br>**[Full Marks:70]** |

---

परीक्षार्थियों के लिए निर्देशः

**Instructions for the candidates:**

1. *परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।*
   *Candidates must enter his/her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.*
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
   *Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
   *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
   *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में विभाजित है – खण्ड–अ और खण्ड–ब।*
   *This Question booklet is divided into two sections-Section-A and Section-B.*

6. *खण्ड–अ में 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 35 प्रश्नों का ही उत्तर देना अनिवार्य है। 35 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 35 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराए गए OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि*

*का OMR उत्तर पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*

*In section-A, there are 70 objective type questions, out of which any 35 questions are to be answered. First 35 answers will be evaluated in case more than 35 questions are answered. Each question carries 1 mark. For answering these, darken the circle with blue/black ball pen against the correct option on OMR Answer Sheet provided to you. Do not use whitener/liquid/blade/nail etc. on OMR Answer sheet, otherwise the result will be treated invalid.*

7. *खण्ड–ब में, 20 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है।*

   *In Section-B, there are 20 Short answer type questions, out of which any 10 questions are to be answered. Each question carries 2 marks. Apart from these, there are 6 Long answer type questions, out of which any 3 questions are to be answered. Each question carries 5 marks,*

8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।*

   *Use of any electronic appliances is strictly prohibited.*

## खण्ड – अ / SECTION-A
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रष्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। किन्ही 70 प्रश्नों के का उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को* $\boldsymbol{OMR}$ *शीट पर चिह्नित करें।* $\mathbf{35 \times 1 = 35}$

*Questions Nos. 1 to 70 have four options, out of which only one is correct. Answer any 35 questions. You have to mark your selected option on the OMR-sheet.* $35 \times 1 = 35$

1. नरम पेंसिल में कितने प्रकार की पेंसिल आती है?

(A) B से 10 B (B) B से 12 B

(C) B से 6 B (D) B से 20 B

How many types of pencils are there in soft pencil?

(A) B to 10 B (B) B to 12 B

(C) B to 6 B (D) B to 20 B

2. इनमें से कौन प्राथमिक रंग है?

(A) लाल (B) हरा

(C) नारंगी (D) गुलाबी

In the following colours, which one is primary?

(A) Red (B) Green

(C) Orange (D) Pink

3. चित्रकला में काम आने वाले कागज हैं–

(A) हैण्डमेड पेपर (B) आइवरी शीट

(C) कार्ट्रिज (D) सभी

The papers used in painting are-

(A) Handmade paper (B) Ivory sheet

(C) Cartridge (D) All

4. पाँच भुजाओं से घिरी आकृति को क्या कहते हैं?

(A) त्रिकोण (B) चतुर्भुज

(C) पंचभुज (D) षट्कोण

What is that shape called surrounded by five sides?

(A) Triangle (B) Quadrangle

(C) Pentagon (D) Hexagon

5. गोंद का प्रयोग किस काम के लिए होता है?

(A) ब्रश धोने के लिए (B) कागज चिपकाने के लिए

(C) ब्रश चमकाने के लिए (D) लिखा अक्षर मिटाने के लिए

Gum is used for what purpose?

(A) To wash the brush (B) To paste the paper

(C) To give shine to the brush (D) To erase the written letter

6. पहाड़ को चित्रित करके लिए किस रेखा का प्रयोग होता है?

(A) सीधी रेखा (B) वक्र रेखा

(C) दोनों (D) दोनों नहीं

Which line is used to draw a Mountain?

(A) Straight line (B) Curved line

(C) Both (D) None

7. रंगों के उतार–चढ़ाव को किस नाम से जानते हैं?

(A) ग्रेडेशन (B) सप्रेशन

(C) नैरेशन (D) एक्सट्रैक्शन

A successive change of colours is known by which term?

(A) Gradation (B) Supression

(C) Narration (D) Extraction

8. मोनोक्रोम का क्या अर्थ है?

(A) एक रंग (B) दो रंग

(C) तीन रंग (D) चार रंग

What is the meaning of Monochrome?

(A) One colour (B) Two colour

(C) Three colour (D) Four colour

9. टेम्पेरा रंग निर्माण में किसका प्रयोग होता है?

(A) अण्डा (B) चूना

(C) चमड़ा (D) वार्निश

What is used in Tempera colour making?

(A) Egg (B) Limestone

(C) Leather (D) Varnish

10. इनमें से किस स्थल पर गुफाएं नहीं है?

(A) अजंता (B) एलोरा

(C) ताज महल (D) एलीफेन्टा

Which spot among the following has no caves?

(A) Ajanta (B) Ellora

(C) Taj Mahal (D) Elephanta

11. लीची के बाहरी सतह का टेक्सचर कैसा होता है?

(A) खुरदरा (B) समतल

(C) चिकना (D) इनमें से कोई नही

What is the texture of outer surface of Litchi?

(A) Rough (B) Flat

(C) Smooth (D) None of these

12. पैमाना क्या है?

(A) मापने का साधन (B) ज्यामितीय औजार

(C) सीधी रेखा खींचने में सहायक (D) इनमें से सभी

What is scale?

(A) A source of Measurement (B) Geometrical tool

(C) Helping in drawing straight line (D) All of these

13. धातु की मूर्ति बनाने में किसका प्रयोग होता है?

(A) सांचा (B) चित्राधार

(C) फ्रेम (D) कैनवास

What is used in making metal Sculpture?

(A) Mould (B) Easel

(C) Frame (D) Canvas

14. कागज पर टेबल–कुर्सी की पेन्टिंग किस पेन्टिंग का उदाहरण है?

(A) लैण्डस्केप (B) स्टिल लाइफ

(C) मूविंग लाइफ (D) रिलीफ

Painting of Table-chair drawn on paper is an example of which painting?

(A) Landscape (B) Still life

(C) Moving life (D) Relief

15.मधुबनी चित्रों में किन विषयों की प्रधानता दिखती है?

(A) पौराणिक कथाएँ (B) पशु–पक्षी

(C) प्रकृति (D) ये सभी

Which subjects are predominant is Madhubani Painting?

(A) Mythological stories (B) Animal-Birds

(C) Nature (D) All of these

16. 'यक्षिणी' दीदारगंज किस संग्रहालय में है?

(A) बिहार म्यूजियम (B) डॉल म्यूजियम

(C) प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम (D) सारनाथ म्यूजियम

'Yakshini' Deedarganj is in which museum?

(A) Bihar Museum (B) Doll Museum

(C) Prince of Wales Museum (D) Sarnath Museum

17. 'दाढ़ी वाले पुरुष' की मूर्ति किससे बनी है?

(A) संगमरमर (B) पीतल

(C) लोहा (D) सेलखड़ी

'Bearded Man' Sculpture is made of which thing?

(A) Marble (B) Brass

(C) Iron (D) Soap Stone

18. सिंधु घाटी सभ्यता के दो प्रमुख शहर हैं–

(A) हड़प्पा, मोहनजोदड़ो (B) हड़प्पा, सिंगुर

(C) मोहनजोदड़ो, काजीरंग (D) लोथल, कपूरथला

The two famous cities of Indus valley civilization are:-

(A) Harappa, Mohanjodaro (B) Harappa, Singur

(C) Mohanjodaro, Kajiranga (D) Lothal, Kapurthala

19. 'नटराज' मूर्ति किस भगवान की है?

(A) भगवान शिव (B) भगवान विष्णु

(C) भगवान ब्रह्मा (D) भगवान राम

'Natraja' Sculpture denotes which God?

(A) Lord Shiva (B) Lord Vishnu

(C) Lord Brahma (D) Lord Ram

20. 'बुद्ध, यशोधरा एवं राहुल' चित्र अजंता की किस गुफा में है?

(A) गुफा संख्या 17 (B) गुफा संख्या 15

(C) गुफा संख्या 19 (D) गुफा संख्या 4

In which cave of Ajanta, there is a picture of 'Buddha, Yashodhara and Rahul'?

(A) Cave no. 17 (B) Cave no. 15

(C) Cave no. 19 (D) Cave no. 4

21. एलोरा की गुफा संख्या–16 में क्या है?

(A) ब्रह्मा मंदिर (B) कैलाश मंदिर

(C) गरुड़ मंदिर (D) लक्ष्मी मंदिर

What lies in Ellora Cave no. 16?

(A) Brahma Temple (B) Kailasha Temple

(C) Garuda Temple (D) Lakshmi Temple

22. सांची स्तूप को यूनेस्को ने क्या घोषित किया है?

(A) विश्व का सातवां अजूबा (B) विश्व धरोहर

(C) विश्व कल्याण संस्था (D) वैश्विक संघ

What has UNESCO declared Sanchi Stupa as?

(A) Seventh wonder of world

(B) World Heritage

(C) World Welfare Organization

(D) Global Federation

23. महाबलीपुरम का मंदिर किसके किनारे स्थित है?

(A) नदी (B) समुद्र

(C) नहर (D) जलप्रपात

Across which, Mahabalipuram temple is situated?

(A) River (B) Sea

(C) Canal (D) Waterfall

24. नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष किस राज्य में हैं?

(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश

(C) त्रिपुरा (D) असम

The remains of Nalanda University is in which state?

(A) Bihar (B) Madhya Pradesh

(C) Tripura (D) Assam

25. पोस्टर किस कला का रूप है?

(A) वाणिज्य कला (B) लोक कला

(C) जनजातीय कला (D) ये सभी

Poster is which form of art?

(A) Commercial art (B) Folk art

(C) Tribal art (D) All of these

26. रूप–भेद की पहचान किससे की जाती है?

(A) नेत्रों द्वारा (B) हाथों के स्पर्श से

(C) अंतरात्मा अनुभव से (D) इनमें से सभी

By which , one can identify Roop-Bheda?

(A) Through eyes (B) Through the touch of hand

(C) Through inner experience (D) All of these

27. ताज महल किस पत्थर से बना है?

(A) सफेद संगमरमर (B) गुलाबी पत्थर

(C) सफेद स्फटिक (D) सफेद ग्रेनाइट

Taj Mahal is made by which stone?

(A) White marble (B) Pink stone

(C) White crystal stone (D) White Granite

28. हास्य भाव या व्यंग्य भाव लिए चित्र क्या कहलाते है?

(A) कार्टून (B) लैण्डस्केप

(C) ऑफ बीट (D) न्यूड

What are those drawings called having humor and satirical sense?

(A) Cartoon (B) Landscape

(C) Off beat (D) Nude

29. किस ज्यामितीय उपकरण से हम कागज पर गोले आकार बना सकते हैं?

(A) पैमाना (B) कम्पास

(C) सेट स्क्वायर (D) टी–स्क्वायर

By which geometrical instruments, we can draw a circular shape on paper?

(A) Scale (B) Compass

(C) Set Square (D) T-Square

30. 'गुएर्निका' किसकी रचना है?

(A) पिकासो (B) राफेल

(C) टर्नर (D) माइकल एंजेलो

Whose creation is 'Guernica'?

(A) Picasso (B) Raphael

(C) Turner (D) Michoel Angelo

31. निहालचंद की पेन्टिंग 'बनी–ठनी' किस शैली की है?

(A) राजस्थानी शैली (B) पटना कलम

(C) मधुबनी (D) बंगाल शैली

Painting 'Bani-Thani' of Nihalchand is of which Style?

(A) Rajasthani Style (B) Patna Kalam

(C) Madhubani (D) Bengal Style

32. किस भारतीय कलाकार ने सबसे पहले तैल रंगों का प्रयोग किया?

(A) यामिनी राय (B) राजा रवि वर्मा

(C) गगनेन्द्र नाथ ठाकुर (D) मकबूल फिदा हुसैन

Which Indian artist first used oil colours in painting?

(A) Yamini Ray (B) Raja Ravi Verma

(C) Gaganendranath Thakur (D) Maqbool Fida Hussain

33. ईश्वरी प्रसाद वर्मा का जन्म कब हुआ था?

(A) 1900 ई.में (B) 1901 ई.में

(C) 1801 ई.में (D) 1903 ई.में

When was Ishawari Prasad Verma born?

(A) 1900 A.D. (B) 1901 A.D.

(C) 1801 A.D. (D) 1903 A.D.

34. वर्णिका–भंग षडंग में किस स्थान पर है?

(A) पहले (B) तीसरे

(C) पांचवें (D) छठे

Varnika-Bhang in Shadanga is at which palace?

(A) First (B) Third

(C) Fifth (D) Sixth

35. राम किंकर बैज के गुरु कौन थे?

(A) नन्दलाल बोस (B) राजा रवि वर्मा

(C) ईश्वरी प्रसाद वर्मा (D) रवि शंकर रावल

Who was the mentor of Ram Kinkar Baij?

(A) Nand Lal Bose (B) Raja Ravi Verma

(C) Ishawari Prasad Verma (D) Ravi Shankar Rawal

36. 'ऊंट' किसकी चर्चित पेन्टिंग है?

(A) रवि शंकर रावल (B) एम एफ हुसैन

(C) ईश्वरी प्रसाद वर्मा (D) राम किंकर बैज

Whose popular painting is 'The Camel'?

(A) Ravi Shankar Rawal (B) M F Hussain

(C) Ishwari Prasad Verma (D) Ram kinkar Baij

37. रेम्ब्रां का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) पोलैण्ड (B) हॉलैण्ड

(C) न्यूजीलैण्ड (D) ग्रीनलैण्ड

Where was Rembrandt born?

(A) Poland (B) Holland

(C) Newzealand (D) Greenland

38. वॉन गॉग का पूरा नाम क्या था?

(A) डेविड वॉन गॉग (B) विन्सेंट वॉन गॉग

(C) विक्टर वॉन गॉग (D) विलियम वॉन गॉग

What was the full name of Van Gogh?

(A) Devid Van Gogh (B) Vincent Van Gogh

(C) Victor Van Gogh (D) William Van Gogh

39. अजंता–एलोरा की गुफाएँ किस राज्य में हैं?

(A) महाराष्ट्र (B) गुजरात

(C) कर्नाटक (D) तमिलनाडु

The caves of Ajanta-Ellora are in which state?

(A) Maharashtra (B) Gujrat

(C) Karnataka (D) Tamil Nadu

40. 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता कौन हैं?

(A) भरत मुनि (B) बाणभट्ट

(C) सूरदास (D) आर्यभट्ट

Who is the Creator of 'Natya Shastra'?

(A) Bharat Muni (B) Banbhatt

(C) Surdas (D) Aryabhatt

41. अजंता–एलोरा की गुफाओं में किस प्रकार की पेन्टिंग हैं?

(A) कैनवास पेन्टिंग (B) दीवार पेन्टिंग

(C) नम पेन्टिंग (D) तैलचित्र

What type of Paintings are there in Ajanta-Ellora caves?

(A) Canvas Painting (B) Wall Paintings

(C) Moist Painting (D) Oil Paintings

42. कागज के आविष्कार से पहले ताड़पत्र या भोजपत्र पर बने प्राचीन भारतीय चित्रों को क्या नाम दिया गया ?

(A) पोथीचित्र (B) पर्णचित्र

(C) पंकचित्र (D) पुतलीचित्र

Ancient Indian paintings made on Palm leaf and Bhoj leaf before the invention of paper is known by which name?

(A) Pothichitra (B) Parnachitra

(C) Pankchitra (D) Putlichitra

43. कोणार्क मंदिर में बने रथ–चक्र का आकार कैसा है?

(A) गोल (B) अष्टकोणीय

(C) चौकोर (D) इनमें से कोई नही

What is the shape of chariot-wheel built in Konark Temple?

(A) Circular (B) Octagonal

(C) Square (D) None of these

44. कोणार्क के द्वारों पर किन पशुओं की मूर्तियाँ बनी हैं?

(A) हाथी तथा अश्व (B) हाथी तथा बकरी

(C) अश्व तथा बिल्ली (D) इनमें से कोई नहीं

Which animal Sculptures are found on the gates of Konark Temple?

(A) Elephant and Horse (B) Elephant and Goat

(C) Horse and Cat (D) None of these

45. इंद्रधनुष रंग का रंग क्रम क्या है?

(A) बै आ नी ह पी ना ला (B) ला पी ना ह बै नी आ

(C) बै नी ह आ पी ना ला (D) आ नी बै ह पी ना ला

What is the colour sequence of Rainbow colour?

(A) V I B G Y O R (B) R Y O G V B I

(C) V B G I Y O R (D) I B V G Y O R

46. लघु चित्र का क्या अर्थ है?

(A) छोटे साइज के चित्र (B) बड़े साइज के चित्र

(C) ज्यामितीय डिजाइन के चित्र (D) अस्पष्ट साइज के चित्र

What is a miniature?

(A) Painting of small size (B) Big size Painting

(C) Painting having geometrical design (D) Unclear size Painting

47. पटचित्र कला का प्रभाव किस चित्रकार की पेन्टिंग में दिखाई देता है?

(A) नंद लाल बोस (B) यामिनी राय

(C) अमृता शेरगिल (D) राजा रवि वर्मा

In whose paintings, the influence of Patchitra art is seen?

(A) Nand Lal Bose (B) Yamini Ray

(C) Amrita Shergil (D) Raja Ravi Verma

48. एम. एफ. हुसैन की आरंभिक कला शिक्षा कहाँ शुरू हुई ?

(A) जबलपुर (B) इंदौर

(C) दिल्ली (D) जयपुर

Where did M. F. Hussain got primary art education?

(A) Jabalpur (B) Indore

(C) Delhi (D) Jaipur

49. राम किंकर बैज की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में एक यह भी है –

(A) रवीन्द्रनाथ ठाकुर का व्यक्तिचित्र

(B) रवीन्द्रनाथ ठाकुर का घर

(C) रवीन्द्र संगीत में डूबे छात्र

(D) रवीन्द्रनाथ का शान्ति निकेतन

One of the best Creation of Ram Kinkar Baij is –

(A) Portrait of Ravindranath Thakur

(B) Home of Ravindranath Thakur

(C) Students immersed in Ravindra Sangeet

(D) Shanti Niketan of Ravindra Nath

50. पिकासो के 'नीला काल' की पेन्टिंग में किसकी अभिव्यक्ति हुई है?

(A) दुःख (B) भूख

(C) करूणा (D) ये सभी

In Picasso’s Blue period paintings, what has been expressed?

(A) Sadness (B) Hunger

(C) Compassion (D) All of these

51. रेल पटरियों को चित्रित करने के लिए किस रेखाओं का प्रयोग होगा?

(A) मोटी समानांतर रेखा (B) मुड़ी हुई रेखा

(C) लहरिया रेखा (D) घुमावदार रेखा

To draw the rail track, which lines can be used?

(A) Thick Parallel Line (B) Curved Line

(C) Waved Line (D) Rounded Line

52. हाथ में तलवार लिए महाराणा प्रताप का चित्र क्या भाव प्रकट करेगा?

(A) निराशा (B) वीरता

(C) कायरता (D) वात्सल्य

What expressions will be reflected in the painting of Maharana Pratap holding a sword?

(A) Disappointment (B) Bravery

(C) Cowardness (D) Affection

53.चित्र में सौन्दर्य और कलात्मकता का समावेश क्या है?

(A) लावण्य–योजना (B) अनुपात

(C) दूरी (D) रूप–भेद

The infusion of beauty and aestheticism in a painting is defined by which term?

(A) Lavanya-Yogana (B) Proportion

(C) Distance (D) Roop-Bheda

54. स्याह रंग का विरोधी कौन सा रंग हो सकता है?

(A) सफेद (B) भूरा

(C) धूसर (D) नीला

Which can be the Contrast Colour of Black Colour?

(A) White (B) Brown

(C) Grey (D) Blue

55. स्केचिंग में प्रयोग होने वाली क्रो–क्विल क्या है?

(A) महीन निब वाली कलम (B) महीन धार वाला चाकू

(C) मोटी निब वाली कलम (D) एक प्रकार का फ्रेम

What is crow-quill being used in Sketching?

(A) A Pen with fine nib (B) A Knife with fine sharpness

(C) A Pen with thick nib (D) A Kind of Frame

56. तीसी यानि लिनसीड ऑयल का प्रयोग तैल चित्रों में क्यों होता है?

(A) इसमें चिपचिपापन होती (B) इसमें चिपचिपापन नहीं होती है

(C) यह रंगों में चमक लाता है (D) (A) और (C) दोनों

Why Linseed oil is used in Oil Painting?

(A) It has stickiness

(B) It does not have stickiness

(C) It given shine to colour (D) (A) and (C) both

57. 'श्रम की विजय' के मूर्तिकार कौन हैं?

(A) देवी प्रसाद राय चौधरी (B) राम किंकर बैज

(C) राम सुतार (D) अर्जुन पंडित

Who is the sculptor of 'Triumph of Labour'?

(A) Devi Prasad Rai Chaudhary (B) Ram Kinkar Baij

(C) Ram Sutar (D) Arjun Pandit

58. 'प्रकृति चित्रण', इस कलाकार की विशिष्ट शैली बन गई। उनका नाम है–

(A) टर्नर (B) पिकासो

(C) माइकल एंजेलो (D) राफेल

Landscape painting has become the significant style of this artist. His name is-

(A) Turner (B) Picasso

(C) Michael Angelo (D) Raphael

59. 'इंप्रेशन सनराइज' किसका बनाया चित्र है?

(A) क्लाउद मोने (B) वॉन गॉग

(C) पॉल गोगां (D) पिकासो

Whose painting is 'Impression Sunrise'?

(A) Claude Monnet (B) Van Gaugh

(C) Paul Gaugin (D) Picasso

60. 'ताहिती महिला फल लिए हुए' के चित्रकार कौन हैं?

(A) पॉल गोगां (B) क्लाउड मॉने

(C) राफेल (D) वॉन गॉग

Who is the painter of 'Tahiti Woman Holding fruit'?

(A) Paul Gaugin (B) Claude Monnet

(C) Raphael (D) Van Gaugh

61. 'स्टारी नाइट' किसकी कृति है?

(A) वॉन गॉग (B) मोने

(C) टर्नर (D) राफेल

Whose creation is 'Stray Night'?

(A) Van Gaugh (B) Monnet

(C) Turner (D) Rapheal

62. मुगल चित्रशैली में किन शैलियों का संगम देखने को मिलता है?

(A) भारतीय शैली (B) ईरानी शैली

(C) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Fusion of which styles are seen in Mughal Paintings?

(A) Indian Style (B) Iranian Style

(C) Both (D) None of these

63. 'जहाँगीर का सपना' मुगलकाल के किस चित्रकार ने बनाया?

(A) मीर जफर (B) अबुल हसन

(C) मंसूर (D) अबुल फजल

Which painter of Mughal era painted 'Jahagir ka Sapna'?

(A) Mir Zafar (B) Abul Husan

(C) Mansor (D) Abul Fazal

64. 'गीत–गोविन्द' किसने लिखा?

(A) जय सिंह (B) जय देव

(C) राम देव (D) कृष्ण देव

Who wrote 'Geet-Govind'?

(A) Jay Singh (B) Jai Dev

(C) Ram Dev (D) Krishna Dev

65. 'ढोला–मारू' चित्र में नायक–नायिका कहाँ बैठे है?

(A) चट्टान पर (B) घोड़े पर

(C) ऊँट पर (D) जहाज पर

In 'Dhola-Maru' painting, where has the Hero-heroine Positioned?

(A) On Rock (B) On Horse

(C) On Camel (D) On Ship

66. इनमें से राजस्थानी चित्रशैली का केन्द्र कौन सा था?

(A) मेवाड़ (B) अहमदाबाद

(C) हैदराबाद (D) जहानाबाद

In the following, which one was the Centre of Rajasthani Painting style?

(A) Mewar (B) Ahmedabad

(C) Hyderabad (D) Jahanabad

67. ‘बाज’ के मशूहर चित्रकार का नाम है–

(A) उस्ताद मंसूर (B) बिस्मिल्लाह खान

(C) शहजाद (D) रसखान

The name of famous painter ‘The Hawk’ is-

(A) Ustad Mansoor (B) Bismillah Khan

(C) Shahjad (D) Raskhan

68. नैनसुख की पहचान किस कलाकार के रूप में है?

(A) पहाड़ी शैली (B) मुगल शैली

(C) आधुनिक शैली (D) बंगाल शैली

Nain Sukh is recognised as which style of artist?

(A) Pahari Style (B) Mughal Style

(C) Modern Style (D) Bengal Style

69. राजा रवि वर्मा द्वारा बनाए चित्र जनसाधारण के घरों में कैसे प्रचलित हुए?

(A) कैलैण्डर के रूप में (B) पुस्तक रूप में

(C) लघुचित्रो के रूप में (D) इनमें से कोई नहीं

How did paintings of Raja Ravi Verma become popular among common households?

(A) In the form of Calendar (B) In book form

(C) In the form of miniature (D) None of these

70. ई. बी. हेवेल किस कला महाविद्यालय के प्राचार्य थे?

(A) कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट (B) बॉम्बे स्कूल ऑफ आर्ट

(C) मद्रास स्कूल ऑफ आर्ट (D) चित्रकला संस्थान

E. B. Havel was the principal of which art college?

(A) Calcutta school of Art

(B) Bombay school of Art

(C) Madras school of Art

(D) Chitrakala institute

## खण्ड–ब / SECTION-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न /Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 20 तक लघु उत्तरीय हैं । इनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रष्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **$10 \times 2 = 20$**

*Question Nos. 1 to 20 are Short Answer Type. Answer any 10 questions. Each question carries 2 marks.* $10 \times 2 = 20$

1. अपारदर्शी रंग का परिभाषा दें। 2

   Give definition of Opaque colour.
2. टी–स्क्वायर क्या है? इसे कौन–सा उपकरण कहा जाता है? 2

   What is T-Square? Which type of instrument it is called?
3. इंद्रधनुष के सात रंगों में कितने प्राथमिक रंग होते हैं? नाम दें. 2

   How many primary colours are there in seven colour of Rainbow? Name them.
4. मोमरंग जलरंग से भिन्न कैसे है? 2

   How wax colour is different from water colour?
5. टेम्परा पद्धति को संक्षेप में परिभाषित कीजिए। 2

   Define Tempara process in brief.
6. पिकासो का कहाँ पैदा हुए थे? उनका पूरा नाम क्या था? 2

   Where was Picasso born? What was his full name?
7. भारत में पुनर्जागरण काल के प्रणेता कौन थे? उनकी एक प्रसिद्ध कृति का नाम बताएं। 2

   Who was the pioneer of Renaissance period in India? Name one famous creation of him.
8. किन रंगों को सौम्य एवं शीत रंग कहा जाता है? 2

   Which colour are called Soothing and Cold?
9. तैल रंग चित्रण की कोई दो विशेषताएं बताएं। 2

Describe two Silent features of Oil Colour Painting.

10.पेंसिल और ब्रश में क्या मूल अंतर होता है? 2

What is the basic difference between pencil and brush?

11. राजा रवि वर्मा का संबंध किस परिवार से था? उनका जन्म कहां हुआ था? 2

Raja Ravi Verma related to which family? Where he was born?

12.प्राचीनकाल में ब्रश बनाने के लिए किन जानवरों के बालों का प्रयोग होता था? 2

To make brush in ancient times, which animal's hairs were used?

13.कम्पनी शैली का विकास किस शासनकाल में हुआ? इसमें यूरोपीय कला का क्या प्रभाव दिखता है? 2

Under which rule, Company style was developed? Is there any influence of European art is marked in this?

14.वॉन गॉग द्वारा बनाए प्रसिद्ध तीन चित्रों के नाम बताइए। 2

Name three famous paintings of Van Gogh.

15.यामिनी राय द्वारा बनाए तीन प्रमुख चित्रों के नाम बताएं। 2

Mention three major paintings of of Yamini Ray.

16.मंजूषा और टिकुली कला का संबंध किस राज्य से है? इन्हें किस कला से रूप में जाना जाता है? 2

Manjusha and Tikuli art are related to which state? By which art form, they are recognised?

17.गोदना क्या है? संक्षेप में बताएं। 2

What is Godana? Briefly mention.

18.कला–दृष्टि से महत्वपूर्ण बिहार के दो स्थलों का परिचय दीजिए। 2

Give introduction of two places of Bihar which are important form art perspective.

19. कोणार्क किसका मंदिर है और यह कहाँ स्थित है? 2

Whose temple is Konark and where it is situated?

20. रेम्ब्रां द्वारा बनाए किन्हीं तीन चित्रों के नाम बताएं? 2

Give the names f three paintings of Rembrandt?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / **Long Answer Type Questions**

*प्रश्न संख्या 21 से 26 दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।* $\mathbf{3 \times 5 = 15}$

*Question Nos. 21 to 26 are Long Answer Type. Answer any three questions. Each question carries 5 marks.* $3 \times 5 = 15$

21. वाश पद्धति चित्रों के बारे में विस्तार से लिखें। 5

Write in detail on wash technique paintings.

22. वॉन गॉग का कला जीवन संघर्षपूर्ण रहा, पर उनका योगदान अतुलनीय है। उसे अपने शब्दों में प्रतिपादित कीजिए। 5

The art life of Van Gogh was struggle full, but his contribution is incomparable. Explain it in your words.

23. लियोनार्डो डा विंची बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कैसे? 5

Leonardo da Vinci was versatile having so many talents. How?

24. पटना कलम के प्रख्यात कलाकार ईश्वरी प्रसाद वर्मा के कला जीवन पर प्रकाश डालें। 5

Throw light on the art life of famous artist of Patna Kalam, Ishwari Prasad Verma.

25. मकबूल फिदा हुसैन का कला जगत में क्या योगदान है? विस्तार से बताएं। 5

What is contribution of Maqbool Fida Hussain in art world. Explain in detail.

26. भारत की किसी एक प्रमुख चित्रण शैली के बारें में विस्तार से लिखें? 5

Write in detail on any one main Indian Painting Style?